


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 05 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 95 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# हम शांति के पक्षधर

## मोदी ने पुतिन के समक्ष उठाया रुस-युक्रेन युद्ध का मुद्दा



● रूस के राष्ट्रपति का आज भारत के दौरे का दूसरा दिन

● दिल्ली में राजघाट पहुंचे, गांधी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आज भारत के दौरे का दूसरा दिन है। राष्ट्रपति पुतिन आज दिल्ली में राजघाट पहुंचे, जहां पर उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वह राष्ट्रपति भवन पहुंचे, जहां पर उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। अब हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी और पुतिन के बीच द्विपक्षीय वार्ता हो रही है। इस वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत-रूस के रिश्ते बढ़ने चाहिए और नई ऊंचाइयों को छूना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा यूक्रेन संकट पर आपसे हमेशा बात हुई। हम शांति के हर प्रयास में रूस के साथ खड़े हैं। पीएम मोदी ने इस द्विपक्षीय वार्ता के दौरान कहा कि भारत न्यूट्रल नहीं है, भारत शांति के साथ है। हम शांति की हर कोशिश का समर्थन करते हैं। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि दुनिया में शांति लौटनी चाहिए। हम सबको मिलकर शांति की तलाश करनी चाहिए। इस द्विपक्षीय वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत रूस-यूक्रेन संघर्ष में शांति के साथ है। इस वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि यह संघर्ष बातचीत और डिप्लोमेसी के ज़रिए खत्म होना चाहिए। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि हम झगड़े के शांतिपूर्ण हल का समर्थन करते हैं। अपनी तरफ से पुतिन ने कहा कि रूस झगड़े के शांतिपूर्ण हल पर काम कर रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में पहुंचे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। यहां पर पुतिन को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### दुनिया चिंताओं से जल्द मुक्त होगी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी मीटिंग में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि COVID से लेकर आज तक, दुनिया कई मुश्किलों से गुजरी है। हमें उम्मीद है कि बहुत जल्द, दुनिया चिंताओं से आजाद हो जाएगी और सही दिशा में ग्लोबल कम्युनिटी के लिए एक नई उम्मीद जगेगी। गौरतलब है कि पुतिन भारत मंडपम में 23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस शिखर सम्मेलन में रक्षा सहयोग को मजबूत करना, बाहरी दबावों से द्विपक्षीय व्यापार को सुरक्षित रखना और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर पर सहयोग के नए रास्ते तलाशना मुख्य एजेंडा रहेगा। माना जा रहा है कि इस दौरान भारत रूस से कच्चे तेल के भारी आयात के कारण बढ़ते व्यापार घाटे पर चिंता जताएगा। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका ने रूस से भारत की तेल खरीद पर भारी टैरिफ लगाकर नई दिल्ली-वॉशिंगटन संबंधों में तनाव बढ़ा दिया है।

### यूक्रेन मुद्दे के समाधान के लिए मिलकर काम कर रहे

द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा मुझे आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद। यूक्रेन मुद्दे के समाधान के लिए हम कई सहयोगी देशों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिनमें अमेरिका भी शामिल है। इस पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। बीते वर्षों में आपने दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के लिए काफी काम किया है। हम कई नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं, जिनमें उच्च तकनीक एयरक्राफ्ट, अंतरिक्ष और एआई जैसे क्षेत्र शामिल हैं।'

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत 112 के खिलाफ मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** पुलिस ने आज शुक्रवार को तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन और पार्टी के वरिष्ठ नेता एच राजा समेत 113 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन सभी ने चार दिसंबर को तिरुपनरनकुंद्र पहाड़ी की चोटी पर दीप जलाने के लिए आयोजित एक प्रदर्शन में भाग लिया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दीप स्तंभ तिरुपरमकुंद्रम की छोटी पहाड़ी पर एक दरगाह के पास स्थित है। इन सभी के खिलाफ सार्वजनिक शांति भंग करने और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि नागेंद्रन और राजा उन लोगों में शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने कल रात कुछ घंटों के लिए हिरासत में लिया था। उन्हें गुरुवार रात 11.20 बजे रिहा किया गया।

### तीन जगहों से रिसाव, दो की मौत...छह हजार लोग खतरे में

**धनबाद/रांची।** धनबाद जिले के केंदुआडीह खनन एरिया में जहरीली गैस का खतरनाक संकट गहराता जा रहा है। इलाके के तीन स्थानों जीएम बंगाल के पास, नया डेरा नंबर-1 गेट और केंदुआ नंबर-5 से लगातार गैस का रिसाव हो रहा है, जिससे छह हजार से अधिक लोग प्रभावित हैं। रात के समय रिसाव बढ़ने से दहशत फैल गई है। अब तक दो महिलाओं की मौत हो चुकी है, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग सिरदर्द, घबराहट और बेचैनी की शिकायत के बाद अस्पतालों में भर्ती हैं। हालात बिगड़ने पर कई परिवार सुरक्षित जगहों की ओर पलायन कर रहे हैं। गैस रोकने के लिए तकनीकी प्रयास जारी हैं और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि रिसाव की तीव्रता पहले की तुलना में कम हुई है।

### खाई में गिरी बरातियों की कार मां-बेटा समेत 5 लोगों की मौत

**चंपावत।** पिथौरागढ़ जिले के सेराघाट क्षेत्र से चंपावत के पाटी आई बरातियों की कार देर रात दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गुरुवार देर रात पाटी के बालातड़ी से वापस लौटते समय बरातियों की कार घाट के आस बा क्षेत्र में गहरी खाई में गिर गई। हादसे में मां बेटा समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को लोहाघाट उप जिला अस्पताल लाया गया है। इसके बाद एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन की टीम मौके को रवाना हुई। प्रशासन मृतकों का ब्योरा जूटा रहा है। मृतकों के शवों को भी खाई से निकालने के बाद लोहाघाट उप जिला अस्पताल लाया गया है। बताया जा रहा है की शादी समारोह संपन्न होने के बाद बारात वापस गांव के लिए लौट रही थी।

### चांदी 1.79 लाख किलो के ऑलटाइम हाई पर

नई दिल्ली। चांदी के दाम में आज यानी 5 दिसंबर को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 1 किलो चांदी का दाम 2,400 रुपए गिरकर 1,79,025 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,76,625 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वहीं 10 ग्राम सोना 733 रुपए महंगा होकर 1,28,578 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,27,845 रुपए का था। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## लोन सस्ता होगा



● RBI ने ब्याज दर 0.25% घटाई

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने रेपो रेट में कमी का ऐलान किया। आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो जाएंगे। मौजूदा EMI भी घट जाएगी। RBI ने रेपो रेट को 0.25 प्रतिशत घटाकर 5.25 प्रतिशत कर दिया है। इस कटौती का फैसला मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की 3 से 5 दिसंबर तक चली मीटिंग में लिया गया। RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 दिसंबर को इसकी जानकारी दी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी RBI जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। जब RBI रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वो इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। यानी, आने वाले दिनों में होम और ऑटो जैसे लोन 0.25 प्रतिशत तक सस्ते हो जाएंगे। ताजा कटौती के बाद 20 साल के 20 लाख के लोन पर ईएमआई 310 रुपए तक घट जाएगी। इसी तरह 30 लाख के लोन पर ईएमआई 465 रुपए तक घट जाएगी। नए और मौजूदा ग्राहकों दोनों को इसका फायदा मिलेगा।

## चंदौली में व्यापारी की हत्या

### लाठियों से पीटकर उतारा मौत के घाट



● हत्या किसने और क्यों की? पुलिस जुटी पड़ताल में

**चंदौली।** नोनार तुलसी आश्रम कस्बा में शुक्रवार की भोर में टहलने निकले व्यापारी ओमप्रकाश मौर्य उर्फ उमाशंकर (55) की बदमाशों ने लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी। व्यापारी की मौत के बाद हमलावर मौके से भाग गए। हत्या किसने और क्यों कि इसका पता नहीं चला। घटना की जानकारी होते ही मौके पर जाम की स्थिति हो गई। सूचना पर एसडीएम कुंदन राज कपूर और सीओ स्नेहा तिवारी सहित कई थाने की पुलिस पहुंच गई। जल्द ही मामले का खुलासा करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर पुलिस ने लोगों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## इंडिगो की हजारों फ्लाइट कैंसिल, देश में हाहाकार



**नई दिल्ली।** इंडिगो की कई उड़ानें एक बार फिर बाधित हो गईं हैं। एयरलाइन की फ्लाइट्स या तो देरी से उड़ान भर रही हैं, या फिर इन्हें रद कर दिया गया है। इससे यात्रियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आज (5 दिसंबर) रात 12 बजे से सुबह

### DGCA की नयी एडवाइजरी का झटका

8 बजे के बीच इंडिगो ने 32 फ्लाइट्स रद की हैं। इनमें 16 फ्लाइट्स आने वाली थीं और 16 को उड़ान भरना था। इसके अलावा नागपुर से पुणे जाने वाली फ्लाइट को हैदराबाद डायवर्ट कर दिया गया है। इंडिगो की फ्लाइट में देरी और रद होने के कारण यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। लोग घंटों तक एयरपोर्ट पर फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। आज इंडिगो ने देश के अलग-अलग हिस्सों में 500 से ज्यादा फ्लाइट्स रद करने की घोषणा की है। इंडिगो ने दिल्ली एयरपोर्ट से सारी घरेलू उड़ाने रद कर हैं। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी 100 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल की जा चुकी हैं। इसके अलावा हैदराबाद एयरपोर्ट पर 90 फ्लाइट्स रद हो चुकी हैं। एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल है।


### DGCA ने वापस लिया अपना आदेश!

**नई दिल्ली।** नई खबर के मुताबिक हवाई यात्रा करने वालों की दिक्कतें अब खत्म होने वाली हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने अपने आदेश को वापस ले लिया है, जिसके बाद सभी एयरलाइंस ने राहत की सांस ली है। DGCA के इस कदम के बाद अब हवाई सेवा फिर से पहले की तरह बहाल होने की संभावना है।

### इंडिगो की विफलता पर राहुल ने साधा निशाना



**नई दिल्ली।** इंडिगो परिचालन संकट को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। एक ताजा सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा, इंडिगो की विफलता इस सरकार के 'एकाधिकार मॉडल की कीमत' है। एक बार फिर आम भारतीयों को देरी, उड़ानों के रद्द होने और असहाय महसूस करने के रूप में इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है, न कि मैच फिक्सिंग वाला एकाधिकार। इंडिगो ने गुरुवार को 550 से ज्यादा उड़ानें रद्द कीं और शुक्रवार को 400 उड़ानें रद्द की गईं। इसके कारण सैकड़ों यात्रियों की यात्रा की योजना प्रभावित हुई।



जनमुख
हिन्दी दैनिक
City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 05 दिसम्बर, शुक्रवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क





# एंबुलेंस ने युवक को उड़ाया

## मौके पर मौत, गुस्साये ग्रामीणों ने लगाया जाम



**● दो साल पहले ही हुआ था विवाह, दो माह की है बिटिया**

**वाराणसी।** शिवपुर थाना क्षेत्र के भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) के सामने शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बड़ागांव थाना क्षेत्र के भेलखा गांव के पूर्व प्रधान नंदलाल यादव के बेटे अनीश यादव उर्फ मोनू (30) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने वाराणसी–बाबतपुर फोरलेन पर तीन घंटे तक जाम लगाकर विरोध जताया। सूचना मिलते ही शिवपुर थानाध्यक्ष वीरेंद्र सोनकर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। अनीश के जुड़वां भाई मनीष और उनके साथी आकाश राठौर ने बताया कि अनीश रोज की तरह सुबह करीब 5 बजे टहलने के लिए निकले थे। दोनों तरना ओवरब्रिज से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे BHEL के दूसरे गेट के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार एंबुलेंस ने अनीश को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अनीश डिवाइडर से जा टकराए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अनीश की शादी दो साल पहले निशा यादव से हुई थी। उनकी आठ महीने की बेटी नित्या है। घटना की खबर मिलते ही गांव की बड़ी संख्या में महिलाएं और परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। वहां माहौल बेहद गमगीन रहा। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि BHEL क्षेत्र के आसपास फुटपाथ पर बाहरी दुकानदारों ने चादर और मूंगफली की दुकानें लगाकर कब्जा जमा रखा है। इससे पैदल चलने वाले लोग फुटपाथ की जगह हाईवे पर से ही चलते हैं। लोगों द्वारा कहा गया कि इसी के चलते अनीश हादसे का शिकार हो गया। ग्रामीणों ने मांग की कि ऐसे अवैध कब्जों पर तुरंत कार्रवाई हो। शिवपुर थानाध्यक्ष वीरेंद्र सोनकर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।






## दिव्यांगजनों को विधायक ने वितरण किया ट्राई साइकिल व सहायक उपकरण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर अमरावती पुरुषोत्तम राजकीय बहुउद्देशीय दिव्यांग संस्थान एवं बचपन डे केयर सेंटर खुशीपुर के प्रांगण में बुधवार को संस्थान के समन्वक प्रभारी रमेश सिंह की देखरेख में मुख्य अतिथि कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल सहित अन्य विभिन्न सहायक उपकरण वितरण किया। कार्यक्रम के उपरांत बचपन डे केयर सेंटर, अमरावती पुरुषोत्तम राजकीय दिव्यांग संस्थान एवं चंद्रावती विशेष विद्यालय सह मानसिक आश्रय गृह हरसोस के संयुक्त तत्वावधान में जन जागरूकता रैली निकाली गयी जिसको मुख्य अतिथि कैंट विधायक सौरव श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के प्रतिनिधि विकास सिंह, सौरभ सिंह, कमलेश कुमार, माधुरी सिंह, रंजना सिंह, प्रदीप यादव, सोनी झॉ, बिंदु यादव, अनीता यादव, आस्था, अंशु पाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## साइबर ठगों ने की 54 लाख की ठगी

**वाराणसी।** शेयर ट्रेडिंग के बहाने साइबर ठगों ने जैतपुरा थाना क्षेत्र के संजय अपार्टमेंट कॉटन मिल निवासी गुलशन ओबेराय के साथ 54 लाख रुपये की ठगी की। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। गुलशन ने पुलिस को बताया कि यूट्यूब पर मेहता बैंक के नाम से दिखाए जाने वाले चैनल पर ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग करके अच्छी कमाई की जानकारी दी जा रही थी। इस पर भरोसा करके दिए गए लिंक के माध्यम से एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े। ग्रुप एडमिन और सलाहकार के बताने पर निवेश के कुछ रुपये उसके बताए बैंक खातों में भेजे। शुरू में उसका लाभ भी मिला जिसके बाद उसे और अधिक धनराशि निवेश करने के लिए कहा गया। ग्रुप से जुड़े अन्य लोग निवेश के बाद अपने फायदों की जानकारी देते थे।

## बीएचयू के सेंट्रल लाइब्रेरी में लगी आग

**● छात्रों ने भागकर बचाई जान, 50 से अधिक कंप्यूटर स्वाहा, यहां के गार्डों को आग बुझाने का प्रशिक्षण नहीं**



**वाराणसी।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी में अचानक आग लगने से कैंपस में हड़कंप मच गया। आग लाइब्रेरी के दूसरे तल पर लगी, जहां उस समय 20 से अधिक छात्र पढ़ाई कर रहे थे। धुआं फैलते ही छात्रों ने तुरंत बाहर निकलकर खुद को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। घटना शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे की बताई जा रही है। घटना के करीब 10 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। इसके बाद दूसरी गाड़ी बुलाई गई। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया- अभी लाइब्रेरी को खाली कर दिया गया है। किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई है। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि 50 से अधिक कंप्यूटर जल गए हैं। वहीं 50 से 60 लाख रुपए में तैयार सर्वर रूम में भी काफी नुकसान की बात सामने आ रही है। छात्र बोले- जब आग लगी उसके आधे घंटे तक लोगों को पता ही नहीं चला। कमरे तक पाइप किस तरह से पहुंचाई जाए। ये भी नहीं पता। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इतनी बड़ी लाइब्रेरी बनाई है लेकिन आग लगने पर उसे पर कैसे काबू पाया जाए इसकी कोई व्यवस्था ही नहीं है। गार्ड तक को भी ट्रेनिंग नहीं दी गई है।

## कमिश्नर ने परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** कमिश्नर एस. राजलिंगम ने सारनाथ से रिंग रोड तक सेतु निगम द्वारा बनाए जा रहे एलिवेटेड रोड, निर्माणाधीन कज्जाकपुरा फ्लाईओवर, लालपुर में प्रशासनिक ब्लॉक, पांडेपुर पुलिस स्टेशन तथा एल टी कॉलेज में विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए जा रहे पुस्तकालय भवन के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। पुस्तकालय भवन के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं को अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ कार्य को पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया। कज्जाकपुरा फ्लाईओवर के अवशेष कार्य को भी शीघ्र पूर्ण कराए जाने हेतु उन्होंने सेतु निगम के अभियंताओं को निर्देशित किया।

## काशी सांसद रोजगार महाकुंभ

**● 9-10 दिसम्बर को पूर्वांचल के युवा बेरोजगारो को 20,000 से अधिक नौकरियों का अवसर**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने मिशन रोज़गार के तहत जिले में आगामी 9 और 10 दिसम्बर को करौंदी स्थित गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज परिसर में आयोजित होने वाले 'काशी सांसद रोज़गार महाकुंभ-2025' के तैयारियों की गुरुवार को कैंप कार्यालय सभागार में समीक्षा के दौरान सेवायोजन अधिकारी को सभी तैयारी समय से पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि रोजगार महाकुंभ में बाहर से आने वाली बड़ी-बड़ी कंपनियों के साथ ही बेरोजगार अभ्यर्थियों के सुविधा के दृष्टिगत सभी तैयारी भी समय से पूरा करें। इस दो दिवसीय मेगा जॉब फेयर में देश-विदेश की लगभग 300 राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कंपनियां हिस्सा लेंगी और 20,000 से अधिक युवाओं को मौके पर नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकतम वार्षिक पैकेज 3.60 लाख रुपये तक होगा।

# मेरा फ्लैट किराये पर, सारी जिम्मेदारी किरायेदार की

## सेक्स रैकेट के आरोपों पर भाजपा नेता ने दी सफाई


**● एग्रीमेंट करके किराए पर पिछले 26 वर्षों से देता चला आ रहा हूं**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विगत 2 दिसंबर को वाराणसी पुलिस द्वारा सिगरा स्थित शक्ति शिखा फ्लैट से ब्यूटी पार्लर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का रैकेट पकड़े जाने के मामले में फ्लैट के मालिक भाजपा नेता अरुण यादव और भाजपा नेत्री उनकी पत्नी शालिनी यादव ने गुरुवार को मीडिया के सामने आकर सफाई पेश की और दावा किया उनका यह फ्लैट किराए पर दिया गया था और कथित सेक्स रैकेट से उनका दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। भाजपा नेता अरुण यादव ने एक पत्रकार वार्ता में बताया कि फ्लैट नंबर 112 शक्ति शिखा बिल्डिंग का वर्ष 1999 से मैं अकेला मालिक हूं। जिसका बिजली कनेक्शन, जलकर एवं निगम कर तन्हा मेरे नाम से है। चूंकि मेरा आवास महमूरगंज में है अतः उक्त फ्लैट को समय समय पर नियमानुसार एग्रीमेंट करके किराए पर पिछले 26 वर्षों से देता चला रहा हूं। इस क्रम में पूर्व किराएदार द्वारा खाली किए जाने पर ब्रोकर के माध्यम से दिनांक 1 अप्रैल 2025 से अश्वनी त्रिपाठी पुत्र गोपाल त्रिपाठी निवास निवासी चंदौली नामक व्यक्ति को एग्रीमेंट के माध्यम से मैने अपना उक्त फ्लैट किराए पर दिया। इस किरायेदारी एग्रीमेंट पर गवाहों की उपस्थिति में किराएदार से हस्ताक्षर कराया गया जिसका नोटरी भी कराया गया है। उक्त एग्रीमेंट में अन्य शर्तों के अलावा बिंदु 10 में यह स्पष्ट उल्लेखित है' कि किराएदार उक्त फ्लैट में कोई भी गैरकानूनी अथवा अवैधानिक कार्य नहीं करेगा और यदि करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उक्त किराएदार की ही होगी तथा फ्लैट मालिक का उसके कार्य से कोई लेना-देना नहीं होगा। किराएदार द्वारा उसकी संस्था के कार्य के रजिस्ट्रेशन की कॉपी भी मेरे द्वारा मांगे जाने पर अश्वनी त्रिपाठी ने उपलब्ध कराया था। यही नहीं किराए का भुगतान भी मेरे द्वारा हमेशा बैंक अकाउंट में आरटीजीएस द्वारा ही प्राप्त किया गया है। अरुण यादव ने बताया कि मेरे फ्लैट के किराएदार के प्रकरण में पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की है उसमें तीन महिलाओं की गिरफ्तारी की बात है तथा फ्लैट स्वामी अथवा मेरा नाम का जिक्र ही नहीं है। जबकि सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा मेरे फ्लैट पर ही 13 लोगों की गिरफ्तारी का समाचार पोस्ट किया जा रहा है।

# बनारस स्टेशन पर तमिल अतिथियों का ढोल-नगाड़े से स्वागत





**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी तमिल संगमम 4.0 के अंतर्गत गाड़ी संख्या 06003 से गुरुवार को बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचे तमिलनाडु से आए अतिथियों के दूसरे दल, जिसमें शिक्षक शामिल हैं, का भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के नेतृत्व में भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। नगाड़ों, शंखनाद, पुष्पवर्षा, तिलक-माला, 'हर हर महादेव का बुलंद नारा' और 'तमिल-काशी एकता अमर रहे' भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, मोदी मोदी, वडक्कम काशी के जयघोष से पूरा स्टेशन परिसर गूंज उठा। स्वागत करने वालों में प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु', महापौर अशोक तिवारी तथा वाराणसी लोकसभा के प्रभारी एवं विधान परिषद सदस्य अश्वनी त्यागी, चंद्रशेखर उपाध्याय, मधुकर चित्रांश, हरि केसरी, अजय गुप्ता, आदि रहे । इस दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## काशी तमिल संगमम् के द्वितीय समूह ने अन्नक्षेत्र में ग्रहण किया प्रसाद

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी तमिल संगमम् के द्वितीय समूह के आगमन पर काशी विश्वनाथ मंदिर के अधिकारियों ने परंपरागत गरिमा के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। मंदिर प्रशासन द्वारा पुष्प वर्षा और डमरू वादन की ध्वनि के बीच सम्पूर्ण समूह का स्वागत किया गया जिससे सभी सदस्यों ने काशी की समृद्ध आध्यात्मिक धारा का अनुभव किया। स्वागत के उपरांत सदस्यों ने बाबा का दर्शन किया। मंदिर प्रशासन द्वारा समूह को काशी विश्वनाथ धाम के भव्य कॉरिडोर का विस्तृत भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान सभी ने धाम के ऐतिहासिक स्वरूप, नवनिर्मित सुविधाओं और निरंतर बढ़ती श्रद्धा-धारा के बारे में जानकारी प्राप्त की।



## नमो घाट पर सांस्कृतिक संध्या में दर्शक भाव विभोर

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र तंजावूर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित काशी तमिल संगमम 4.0 संस्करण के तृतीय दिवस नमोघाट स्थित मुक्ताकाशी प्रांगण में सम्पन्न हुआ जिसमे तमिलनाडु एवं काशी के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगो को विभोर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम प्रस्तुति आरंभ हुई संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित कजरी व्याख्यान केंद्र के छात्रों द्वारा भजन एवं कजरी लोक गायन से। गायन का निर्देशन किया सुचरिता दस गुप्ता ने। तबला पर संगत किया राकेश रौशन, हारमोनियम पर पूनम शर्मा, बैंजो पर संजय कुमार, नाल पर अमित ने संगत किया। द्वितीय प्रस्तुति रही आंशिका सिंह एवं ग्रुप, वाराणसी द्वारा भजन गायन की। तृतीय प्रस्तुति रही तमिल के लोक नृत्य की भानुमति एवं दल, चेन्नई द्वारा। चतुर्थ प्रस्तुति रही काशी की खिलेश्वरी पटेल एवं दल द्वारा भरतनाट्यम नृत्य की। नृत्य के अंतर्गत गणेश कौतुवम, अलरिपु, तिल्लाना आदि की प्रस्तुति की गई। पंचम प्रस्तुति रही डॉ जया रॉय एवं दल, वाराणसी द्वारा लोक नृत्य की। छठवीं एवं अंतिम प्रस्तुति रही पुनः तमिल के लोक नृत्य की भानुमति एवं दल, चेन्नई द्वारा। नृत्य के अंतर्गत डम्मी हॉर्स, माडू मायिलाट्टम आदि की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का संचालन अंजना झा ने किया।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'


समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324

## प्रयागराज समाचार

### पंचायत चुनाव में भी खिलेगा कमल- मौर्या



**प्रयागराज।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि एसआईआर मतदाता सूची के शुद्धीकरण का कार्यक्रम है। जिसमें नए लोगों का नाम जोड़ने, मृतकों के नाम हटाने और घुसपैठियों के नाम वोटर लिस्ट से काटने का कार्यक्रम है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, सांसद राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। इसका जनता पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है। बीएलओ की मौत के बारे में कहा कि आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है। जनता जागरूक है। एसआईआर कराकर अपने अधिकार और कर्तव्यों का पालन करें और देश के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में अपना सहयोग दें। डिप्टी सीएम बृहस्पतिवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। केशव ने कहा कि सपा पंचायत चुनाव चाहे अकेले लड़े या मिलकर लड़े। चुनाव में कमल ही खिलेगा। बिहार में हार के बाद सपा मुखिया अखिलेश का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। वह सत्ता में आने का ख्वाब देख रहे थे लेकिन बिहार चुनाव के बाद उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। उनको अब पता चल गया है कि 2047 भाजपा सत्ता में रहने वाली है। डिप्टी सीएम ने कहा कि विपक्ष अफवाह फैलाकर जनता में भय पैदा कर रहा है। आरक्षण और संविधान कभी भी कोई खत्म नहीं कर सकता। कहा कि भाजपा सरकार में माघ मेले का बजट बढ़ाया गया है। माघ मेले को मिनी कुंभ की तैयार किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

## गोरखपुर समाचार

### विदेश में नौकरी का झांसा दिया, दो युवकों से ठग लिए 1.71 लाख रुपये

**गोरखपुर।** पीपीगंज थाना क्षेत्र में विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो युवकों से 1.71 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीपीगंज पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर देवरिया के सत्य प्रकाश, पीपीगंज, रामपुर के जंगल कौड़िया टोला निवासी अमरनाथ मौर्या के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित विजय शर्मा निवासी ताल लिखिया गांव ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उनके सैलून पर आने वाले देवरिया के रुद्रपुर अकटहिया मटियारी निवासी सत्यप्रकाश शर्मा व रामपुर के जंगल कौड़िया टोला निवासी अमरनाथ मौर्या ने उन्हें और उनके भतीजे जितेंद्र को विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने का लालच देकर कुल एक लाख 71 हजार रुपये ठग लिए। रुपया ऑनलाइन सत्यप्रकाश शर्मा और उनकी पत्नी के खाते में ट्रांसफर किया गया।

## आजमगढ़ समाचार

### विधायक ने मृतक के परिजन को दी आर्थिक सहायता



**आजमगढ़।** बस की चपेट में आने से एक दिन पूर्व एक महिला की मौत गई थी। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जब उसका शव जहानागंज क्षेत्र के बस्ती गांव लाया गया तो मुबारकपुर के विधायक अखिलेश यादव वहां पहुंचे, और परिजन को सांत्वना देते हुए एक लाख रुपये का चेक दिया।

मुबारकपुर थाना क्षेत्र के हरैया चट्टी पर मंगलवार को परिवहन निगम की बस की चपेट में आकर लालमुन्नी की मौत हो गई थी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया था। इसी दौरान उधर से सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव घोसी के दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह की तेरहवी में शामिल होने के लिए दादनपुर अहिरौली में जा रहे थे। जाम में वह फंस गए, इसके बाद वह गाड़ी से उतर कर घटना स्थल पर पहुंचे और मृतका के परिवार को मौके पर ही एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। इसके अलावा एक लाख रुपये का चेक देने का भी वादा था।

पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर बुधवार को क्षेत्रीय विधायक अखिलेश यादव मृतका के घर पहुंचे और परिवार को एक लाख रुपये का चेक दिया।

## चंदौली समाचार

### कुंज हत्याकांड में तीन को उम्रकैद, 25 हजार जुर्माना

**चंदौली।** एडीजे तृतीय विनय कुमार तिवारी की अदालत ने भभुआ थाना क्षेत्र के कुंज गांव निवासी शेषमुनि सिंह, राम इकबाल सिंह और उनके पुत्र शैलेश सिंह को उपेंद्र सिंह की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

जुर्नमाना हीं देने पर छह महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अपर लोक अभियोजक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि 16 जून 2019 को उपेंद्र सिंह की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के चाचा राजकुमार सिंह की ओर से भभुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

आरोप था कि पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में सात अभियुक्तों ने मिलकर उपेंद्र पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। शेष चार आरोपितों की सुनवाई अलग से चल रही है, जो अभी लंबित है।

## गाजीपुर समाचार

### तस्करी कर बिहार ले जायी जा रही 617 पेटी शराब पकड़ी गयी

**गाजीपुर।** बिहार में तस्करी के लिए ट्रक में चिप्स, कुरकरे और खाद की बोरियों के नीचे छिपाकर ले जाए जा रहे पंजाब निर्मित 617 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। यहीं नहीं ट्रक को डिजिटल लॉक करके चालक भाग गया। मंगलवार की रात नसीरपुर बेलवा मोड़ पर चेकिंग के दौरान आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को सफलता मिली है। तस्करों ने बिहार में स्कैनर से बचने के लिए ट्रक की बॉडी के अंदर साइड में लकड़ी से खोखली जगह बनाकर उसमें चिप्स कुरकुरे के पैकेट भरे कार्टून में शराब भर दिया गया। ट्रक के पीछे के भाग में लकड़ी की एक दीवार बना जैविक खाद की बोरियां रखी थी।आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि डीएम अविनाश कुमार और एसपी डा. ईरज राजा के निर्देशन में शराब तस्कर के खिलाफ विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आबकारी एवं पुलिस टीम संयुक्त रूप से नसीरपुर बेलवा मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान राजस्थान नंबर से खड़े ट्रक को चेक किया गया तो अंदर से पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब की 617 पेटियां बरामद हुईं। इधर, अंधेरे का फायदा उठाकर चालक ट्रक को डिजिटल लॉक लगाकर भाग गया।

छानबीन में पता चला कि बिहार राज्य में स्कैनर मशीन से बचने के लिए ट्रक की बॉडी के अंदर साइड में लकड़ी से खोखली जगह बनाकर उसमें चिप्स कुरकुरे आदि के पैकेट कार्टून में रखे गए थे। इससे स्कैन करने पर शराब की शीशियों की जानकारी नहीं हो पाती। यहीं नहीं ट्रक के पीछे के भाग में पेटियों के बाद लकड़ी की एक दीवार बनाकर जैविक खाद की बोरियां रख दी गई थी।

## जौनपुर समाचार

### सामूहिक विवाह में परिणय-सूत्र में बंधेंगे 750 से अधिक जोड़े



**जौनपुर।** आगामी चार व पांच दिसंबर को आयोजित होने वाले रामलीला मैदान में सामूहिक महोत्सव की तैयारियां जोरो पर है। जिला प्रशासन ने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने डाक बंगले पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण करने के बाद बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने महोत्सव स्थल पहुंचकर सुरक्षा, विवाह पंडाल, मंच व्यवस्था और पार्किंग की स्थिति का निरीक्षण किया।

मीडिया से बातचीत करते हुए निषाद पार्टी के शाहगंज के विधायक रमेश सिंह ने बताया कि महोत्सव में प्रदेश सरकार के कई मंत्री शिरकत करेंगे। इनमें मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, जिला प्रभारी ए.के. शर्मा, कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह शामिल हैं। उन्होंने कहा कि महोत्सव में क्षेत्र की जनता ही मुख्य अतिथि होगी, जो नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देगी। सामूहिक विवाह समारोह के लिए 1083 जोड़ों ने आवेदन किया है, जिनमें से 750 से अधिक जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। इनमें मुस्लिम समुदाय के कई जोड़े भी शामिल हैं। महोत्सव के दूसरे दिन सरकारी विभागों की ओर से योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल व सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। शाम को भव्य गंगा आरती के साथ सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विधायक ने कहा कि महोत्सव क्षेत्र की संस्कृति, एकता और उत्सवधर्मिता का प्रतीक बनेगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की

## देवरिया समाचार

### मांगो को लेकर सचिवों ने काली पट्टी बांध किया प्रदर्शन

**देवरिया।** ब्लॉक मुख्यालय पर बुधवार को ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर आंदोलन के तीसरे दिन सचिवों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार उनके मूल कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभाग के कार्यों को करने हेतु भी निर्देशित करती है। इससे सचिव अपना मूल कार्य नहीं कर पाते हैं। इसके अलावा सरकार विशेष सचिव के पत्र के आलोक में सचिवों की आनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करना चाहती है, जिसका व्यापक विरोध पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। ग्राम विकास अधिकारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह एवं ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जमील हुसैन ने कहा कि सभी सचिव पांच दिसंबर को ब्लॉक मुख्यालय पर धरने पर बैठेंगे।

## अयोध्या समाचार

### पासिंग आउट परेड में सेना में शामिल हुए 748 अग्निवीर



**अयोध्या।** सेना के डोगरा रेजीमेंटल सेंटर में बुधवार को आयोजित पासिंग आउट परेड में 748 अग्निवीरों ने देश सेवा की शपथ ली और सेना का हिस्सा बने। 31 सप्ताह की सैन्य ट्रेनिंग करने के बाद उन्होंने परेड में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अनुशासन और पराक्रम की झलक पेश की।

परेड के जरिये सैनिकों ने कौशल और क्षमताओं का प्रदर्शन किया। एक साथ मार्च करने के साथ हथियारों को संभालने में अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। देशभक्ति के गीतों और गगनभेदी नारों के बीच अग्निवीरों ने राष्ट्र सेवा, अनुशासन और सेना की महान परंपराओं को आगे बढ़ाने की शपथ ली। परेड का समापन जयघोष और गर्व से भरे माहौल के साथ हुआ। छठें अग्निवीर बैच में प्रशिक्षण के बाद अब उत्तर प्रदेश और पूर्वोत्तर राज्यों में बृहस्पतिवार से इन जवानों की तैनाती शुरू होगी। प्रशिक्षण में शारीरिक फिटनेस, हथियार संचालन और सामरिक प्रशिक्षण शामिल था। परेड का नेतृत्व अग्निवीर अर्पित ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि पंजाब व हिमाचल प्रदेश के जीओसी मेजर जनरल प्रिंस दुग्गल ने परेड का निरीक्षण करते हुए जवानों के आत्मविश्वास और प्रशिक्षण के स्तर की सराहना की। पूरे प्रशिक्षण कोर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीर वंश शर्मा को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया, जबकि अग्निवीर लोकेश कुमार ओवरऑल सेकंड बेस्ट चुने गए। इस दौरान अभिभावकों को अपने बच्चों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए गौरव पदक से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर जितेंद्र शर्मा सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, जेसीओ और जवानों के परिवारीजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पासिंग आउट परेड में शामिल अभिभावकों के सीने गर्व से फूले नहीं समा रहे थे। उन्होंने बेटों को बैच लगाया। इस दौरान बेटे भी अभिभावकों को अपने बीच पाकर खुशी से झूम उठे। पास आउट होने वाले अग्निवीरों ने कहा कि देश की सेवा पूरे मनोयोग और समर्पण के साथ करने की शपथ ली है। इसे अंतिम दम तक निभाने की कोशिश होगी।

## बलिया समाचार

### पॉक्सो एक्ट में दोषी को चार साल की सजा

**बलिया।** खेत से वापस आ रही किशोरी से गंदी हरकत करने के मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट प्रथमकांत की अदालत ने अभियुक्त तूफानी चौहान निवासी भेलाटारी गड़वार को दोषी पाया। चार साल कारावास की सजा सुनाई। गड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव में चार अप्रैल 2021 को शाम के समय पीड़िता ने थाने में तहरीर दर्ज कराई थी कि वह खेत से वापस घर लौट रही थी। बीच में अभियुक्त ने मुझे पकड़ लिया और मेरे साथ गंदी हरकतें की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया। बचाव पक्ष ने अपने तर्क प्रस्तुत किए। उसके बाद अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की धनराशि अदा नहीं करने पर दोषी को एक महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

## ज्ञानपुर समाचार

### ग्रामीण विकास एवं आजीविका संवर्धन की हुई बैठक

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीण विकास एवं आजीविका संवर्धन के मुद्दे पर बैठक हुई।

इसमें टीसीएस रिसर्च इनोवेशन की प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जयश्री, डॉ. आनंद पांडेय, फार्फ निदेशक ऋषि राज मिश्र, और जेवियर विश्वविद्यालय उड़ीसा से आए शोधार्थी शामिल रहे। डीएम ने कहा कि जिले के विकास के लिए तकनीकी संस्थानों, शोध संस्थानों एवं सरकारी विभागों के बीच समन्वय जरूरी है। उन्होंने 15 चयनित पिछड़े गांवों में ग्रामीण सेवाओं के विस्तार, आजीविका समूहों के प्रशिक्षण, आर्थिक एवं व्यावहारिक सर्वेक्षण, बच्चों के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण और ग्रामीण शोध के विविध आयामों पर चर्चा की। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के कौशल, प्रशिक्षण एवं आजीविका को मजबूत करने पर विशेष फोकस रहेगा। फार्फ निदेशक ने बताया कि संस्था की टीम शीघ्र ही टीसीएस और जेवियर विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के साथ मिलकर विभिन्न ग्रामीण सेवाओं के क्रियान्वयन पर कार्य शुरू करेगी। जेवियर विश्वविद्यालय के रिसर्च स्कॉलर 45 दिनों तक ज्ञानपुर ब्लॉक के भुड़की एवं भिदिउरा गांवों में निवास कर ग्रामीण परिवेश, आजीविका, सामाजिक व्यवहार एवं स्थानीय जरूरतों पर विस्तृत शोध कर रिपोर्ट तैयार करेंगे।

इस मौके पर सीडीओ बाल गोविंद शुक्ला, सीएमओ डॉ. संतोष कुमार चक, सीटीवी बृजेश सिंह, सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार आदि रहे।

## सोनभद्र समाचार

### 42 करोड़ से कोन-विंढमगंज मार्ग का होगा चौड़ीकरण

**सोनभद्र/कोन।** जिले को झारखंड से जोड़ने वाली कोन-विंढमगंज सड़क के दिन अब बहुरने वाले हैं। 42 करोड़ रुपये से 21.850 किमी लंबी सड़क का चौड़ीकरण कराया जाएगा। लंबे समय से खस्ताहाल सड़क की मरम्मत होने से क्षेत्र के 25 गांवों की डेढ़ लाख ज्यादा आबादी को होगी सहूलियत होगी।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत कोन-विंढमगंज मार्ग का निर्माण वर्ष 2021 में कराया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि बनने के बाद डेढ़ साल में ही सड़क टूटने लगी थी। सड़क उखड़ने और गड्ढों की वजह से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क की बदहाली के चलते 20 किमी की दूरी तय करने में डेढ़ से दो घंटे लग जाते हैं।

## मऊ समाचार

### मोहद्दीपुर में काम करने वाली लड़की की बिहार में मिली बॉडी, हत्या की आशंका

**मऊ।** रेलवे जंक्शन पर ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के आह्वान 48 घंटे की भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही।




शाखाध्यक्ष सतिराम यादव की अध्यक्षता में शाखा के 45 लोको पायलट और सहायक लोको पायलट आंदोलन में शामिल रहे। वहीं लोको पायलट तथा सहायक लोको पायलट बिना अन्न जल के रेल का संचालन कर रहे हैं, रनिंग यम तथा ट्रेनिंग सेंटर में भोजन का बहिष्कार कर रहे हैं।

भूख हड़ताल को संबोधित करते हुए शाखाध्यक्ष सतिराम यादव ने कहा कि लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की मांग है कि 70 प्रतिशत किलोमीटर भत्ते को आयकर से मुक्त किया जाय। लोको रनिंग स्टाफ को इंसेटिव कैटेगरी घोषित करते हुए मालगाड़ी के लिए अधिकतम आठ घंटे व यात्रीगाड़ी व मेल एक्सप्रेस के लिए अधिकतम 06 घंटे की ड्यूटी निर्धारित की जाए। वहीं महिला रनिंग स्टाफ के विशिष्ट शिकायतों का निवारण किया जाय। उन्होंने कहा कि एनपीएस और यूपीएस को रद्द करते हुए ओपीएस को फिर से बहाल किया जाय। एपीसी रिपोर्ट की अनुसंशा पर रात्रि ड्यूटी को अधिकतम 02 रात्रि तक सीमित किया जाय।

इसके साथ ही कई अहम मांगें भी शामिल हैं। हड़ताल में शाखा सचिव शिवराम यादव, संजय कुमार भारती, नूर आलम अहमद, देवेंद्र कुमार, सुधीर यादव आदि रहे।

## मिर्जापुर समाचार

### ट्रक में टकराने के बाद डीसीएम में लगी आग

**मिर्जापुर।** समोगरा बाईपास के पास मंगलवार की देर रात पौने दो बजे रीवां से वाराणसी जा रहा डीसीएम आगे चल रहे ट्रक में टकरा गया। टक्कर के बाद डीसीएम में आग लग गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची करनपुर पुलिस ने खलासी को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। चालक केबिन में फंसकर आग की लपटों में घिर गया। फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया गया। तब तक चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। पुलिस ने शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी। वाराणसी के लोहता थाना क्षेत्र के धन्नीपुर निवासी विजय गिरी (40) खलासी राजेश चतुर्वेदी (45) के साथ चोकर लेकर मध्य प्रदेश के रीवां से वाराणसी जा रहे थे। देहात कोतवाली क्षेत्र के समोगरा बाईपास के पास आगे चल रहे ट्रक में पीछे से डीसीएम टकरा गया। टक्कर के बाद डीसीएम में आग लग गई। आग लगने के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग गया। चालक-खलासी वाहन में फंसे गए। राहगीरों की सूचना पर करनपुर चौकी प्रभारी अविनाश प्रकाश राय मौके पर पहुंचे। खलासी राजेश चतुर्वेदी को बाहर निकालकर मंडलीय अस्पताल भिजवाया। केबिन में फंसने के कारण चालक विजय गिरी को नहीं निकाला जा सका। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी आई। 20 मिनट बाद आग पर काबू पाया गया, तब तक चालक विजय की जलकर मौत हो गई थी। पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचित किया। देहात कोतवाल अमित मिश्रा ने बताया कि आगे चल रहे ट्रक में टकराकर डीसीएम में आग लगने से चालक की जलकर मौत हो गई।

## लाइफ मंत्र

### जीवन के हर क्षेत्र में मिलेगी सफलता बस मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर राशि अनुसार करें इन चीजों का दान



हिंदू पंचांग में मार्गशीर्ष पूर्णिमा का विशेष महत्व है, जिसे साल की सबसे पवित्र पूर्णिमा तिथियों में से एक माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यदि आप इस शुभ अवसर पर अपनी राशि के स्वामी ग्रह के अनुसार कुछ विशेष वस्तुओं का दान करते हैं, तो यह आपके भाग्य को जागृत करता है। तो आइए जानते हैं कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता, समृद्धि और खुशहाली सुनिश्चित करने के लिए आपको मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर अपनी राशि के अनुसार किन वस्तुओं का महादान करना चाहिए।

**मेष और वृश्चिक राशि**

मेष और वृश्चिक राशि के जातकों को लाल रंग के वस्त्र, गुड़, मसूर की दाल, या लाल फल का दान करना चाहिए। यह दान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि करेगा और आपके करियर में आ रही बाधाओं को दूर करेगा।

**वृषभ और तुला राशि**

इन राशियों के लिए सफेद वस्तुएं शुभ हैं। चावल, चीनी, दूध, सफेद कपड़े, या सुगंधित इत्र का दान करें। यह दान आपके भौतिक सुख-सुविधाओं और प्रेम/वैवाहिक जीवन में खुशहाली लाएगा।

**मिथुन और कन्या राशि**

मिथुन और कन्या राशि के जातक हरी मूंग दाल, हरे वस्त्र, या पालक जैसी हरी सब्जियां दान करें। विद्यार्थियों को कलम या किताबें दान करना भी उत्तम है। यह दान आपके संचार कौशल को मजबूत करेगा और बुद्धि तथा व्यापार में सफलता दिलाएगा।

**कर्क राशि**

कर्क राशि वाले पूर्णिमा पर चांदी, मोती, सफेद मिठाई या दूध का दान करें। यह दान आपके मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक स्थिरता को बढ़ाएगा, जिससे परिवार में शांति आएगी।

**सिंह राशि**

सिंह राशि के लोग गेहूं, गुड़, लाल या नारंगी रंग के वस्त्र, या किसी ज़रूरतमंद को दवाइयां दान करें। यह दान आपको उच्च पद दिलाएगा, मान-सम्मान में वृद्धि करेगा और करियर में नेतृत्व क्षमता प्रदान करेगा।


**धनु और मीन राशि**

इन राशियों को चने की दाल, हल्दी, पीले वस्त्र, या धार्मिक पुस्तकें दान करनी चाहिए। यह दान ज्ञान, भाग्य और आर्थिक समृद्धि को बढ़ाएगा। विवाह संबंधी बाधाएं भी दूर होंगी।

**मकर और कुंभ राशि**

मकर और कुंभ राशि के जातकों को काले तिल, सरसों का तेल, कंबल, या लोहे की कोई वस्तु दान करनी चाहिए। यह दान आपके करियर में स्थिरता लाएगा, श्रम का फल देगा और सभी प्रकार के रोगों तथा कष्टों से मुक्ति दिलाएगा।

# दिसंबर में 10 हजार में घूमें ये 3 शानदार जगहें, बजट में मज़ेदार सफर का प्लान



आज के समय में लोगों के पास खुद के लिए समय नहीं होता है। काम का प्रेशर इतना अधिक होता है कि वह खुद को सुकून देने के लिए बाहर कहीं घूमने की योजना बनाते हैं। वहीं अब घूमना फिरना सिर्फ शौक नहीं बल्कि जिंदगी की भागदौड़ में अपने आप को फिर से फ्रेश करने का तरीका बनता जा रहा है। लेकिन हर किसी के पास इतना पैसा नहीं है कि वह हर महीने ट्रिप प्लान कर सकें। इसलिए कुछ लोग पहले पैसे इकट्ठे करते हैं और फिर घूमने का प्लान बनाते हैं। कम बजट में घूमने वाले लोगों के लिए 10,000 रुपए भी बहुत अधिक होते हैं। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके लिए कुछ ट्रैवल लिस्ट लेकर आए हैं। ऐसे में अगर आप भी इन जगहों पर जाने का प्लान बनाती हैं, तो आसानी से कम बजट में आराम से घूम सकेंगी।

**कसौल-** दिल्ली से पहले भुंतर और फिर कसोल की बस लें। सदिर्यों में बर्फीली घाटियां और सुकून वाली जगहें ढूंढ रहे लोगों के लिए बेस्ट जगह है। फ्रेंड्स, परिवार और कपल्स के लिए यह अच्छी है। यहां आने के लिए रात में बस लें, जिससे होटल का एक दिन का किराया बच सके। आप गेस्ट हाउस या होमस्टे में रात गुजार सकते हैं। आप कम खर्चे के लिए लोकल ढाबों और स्टॉस से खाना खाएं। निकलने से पहले वॉटर बॉटल, स्नैक्स और पावर बैंक रखना न भूलें।

**नैनीताल-** नैनीताल जाने के लिए आप दिल्ली से हल्द्वानी या काठगोदाम के लिए बस पकड़ें। इसके बाद नैनीताल पहुंचे। कपल्स के लिए नैनीताल एक परफेक्ट लोकेशन माना जाता है। हालांकि अगर आप बजट का ध्यान नहीं रखेंगी, तो अधिक खर्च हो सकता है। यहां का मौसम ठंडा होता है। नैनीताल में पहाड़, झीले, हरा-भरा वातावरण और शांत वातावरण इस जगह को खास बनाती हैं। आपको यहां पर बस से आना सस्ता पड़ेगा। आप नाइट बस लें, जिससे कि एक दिन का होटल का किराया बच सके। वहीं नैनी झील में बोटिंग कर सकती हैं। लेकिन प्रयास करें कि एक्टिविटी पर अधिक खर्च न करें। यहां के नजारे का और वातावरण का आनंद उठाएं। क्योंकि अलग-अलग एक्टिविटी पर अधिक खर्च हो सकता है।

**ऋषिकेश-** आप दिल्ली से ऋषिकेश के लिए सीधा बस पकड़ सकती हैं। आप10 हजार के बजट में आराम से ऋषिकेश को एक्सप्लोर कर सकते हैं। हालांकि यहां पर भीड़ काफी होती है। एक रात के लिए 800-900 रुपए में होटल मिल जाएगा। वहीं जो लोग सस्ती में अच्छी जगह को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो ऋषिकेश आपके लिए बेस्ट डेस्टिनेशन हो सकता है। यहां पर आप आरती, घाट और शाम को सुकून के लिए गंगा किनारे आराम से घूम सकती हैं।



# शाही अंदाज़ में शादी का आइडिया, जैसलमेर का 'डेजर्ट पैलेस' दे रहा शानदार

**रेगिस्तान के बीचों-बीच बसा जैसलमेर डेजर्ट पैलेस रिसॉर्ट एंड कैंप सुंदरता, ऐशो-आराम और परंपरा का बेजोड़ नमूना है। राजस्थान की पुरानी विरासत को ध्यान में रखकर यहां पर यह शानदार रिसॉर्ट बनाया गया। जोकि उन कपल को काफी ज्यादा पसंद आता है, जो डेस्टिनेशन वेडिंग करना चाहते हैं।**

रेगिस्तान के बीचों-बीच बसा जैसलमेर डेजर्ट पैलेस रिसॉर्ट एंड कैंप सुंदरता, ऐशो-आराम और परंपरा का बेजोड़ नमूना है। राजस्थान की पुरानी विरासत को ध्यान में रखकर यहां पर यह शानदार रिसॉर्ट बनाया गया। जोकि उन कपल को काफी ज्यादा पसंद आता है, जो डेस्टिनेशन वेडिंग करना चाहते हैं। राजस्थानी बनावट आधुनिक सुविधाओं से लैस यह जगह एक यादगार एक्सपीरियंस देती है। अगर आप भी ड्रीम वेडिंग करना चाहते हैं, तो यह वेन्यू आपके बहुत काम आ सकता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको जैसलमेर डेजर्ट पैलेस रिसॉर्ट की बुकिंग, खर्च और बेस्ट वेन्यू आदि के बारे में बताने जा रहे हैं।

**मिलेगा ज्यादा स्पेस**

बता दें कि इस रिसॉर्ट के बड़े आंगन, खूबसूरत बगीचे, शांत माहौल, सुनहरी रेत के टीले और तारों भरी रात इस जगह को एकदम परफेक्ट बनाते हैं। यह सिर्फ एक वेडिंग वेन्यू नहीं बल्कि एक ऐसा अनुभव है, जा ि ि राजस्थान की शान को भी दिखाने का काम करता है। यहां पर शादी करना मेहमानों को हमेशा याद रहने वाली यादें देता है।

सलमेर डेजर्ट पैलेस रिसॉर्ट में कई ऐसी जगहें हैं, जिनका इस्तेमाल शादी के अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए किया जाता है।

**बैंक्वेट हॉल**

सुंदर इनडोर बैंक्वेट हॉल रस्मों या छोटे रिसेप्शन के लिए बेहद शानदार साबित हो सकता है। इसमें 300 मेहमान आ सकते हैं।

**लॉन और आंगन**

हरे-भरे गार्डन कॉकटेल पार्टी या मेहंदी के लिए बेहतरीन है। इसमें करीब 500 मेहमान आ सकते हैं।

**पूलसाइड एरिया**

बता दें कि पूल के किनारे का एरिया संगीत या अन्य प्री वेडिंग इवेंट्स के लिए रोमांटिक माहौल देता है। इस एरिया में 200 मेहमान आराम से आ सकते हैं।

**डेजर्ट कैंप**

रेत के टीलों के बीच बना यह कैंप आपको पारंपरिक राजस्थानी संस्कृति का अनुभव देता है। यहां पर करीब 150 मेहमान आ सकते हैं।

इस रिसॉर्ट में 102 शानदार कमरे और सुइट्स हैं। आपको हर कमरे में राजस्थानी संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं से लैस डिजाइन देखने को मिलेगा। जिससे कि मेहमानों को शाही महसूस हो सके। आपको यहां पर 5,000 से 8,000 पर नाइट पे करना होता है। लेकिन वेडिंग सीजन के हिसाब से यह पैसे चेंज हो सकते हैं। 150 मेहमानों वाली दो दिन की शादी के लिए करीब 15 से 25 लाख तक खर्च हो सकता है। वहीं रिसॉर्ट की अपनी कैटरिंग टीम है, जो हर तरह की लजीज और बेहतरीन खाना तैयार करती है। खाने के मेनू में भारतीय, राजस्थानी और अंतर्राष्ट्रीय व्यंजन शामिल होते हैं।

शादी की योजना और सजावट के लिए यह रिसॉर्ट पूरी सुविधा देता है। जो कपल की पसंद से हो। फंक्शन के पैमाने के आधार पर 5 लाख से 15 लाख तक खर्च आ सकता है। इसमें राजस्थानी लोक प्रदर्शन, डीजे और लाइव म्यूजिक शामिल है। इसका खर्च 3 से 8 लाख के बीच हो सकता है।

# बीज से बोया जाएगा आलू, शुगर, यूरिक एसिड और मोटापे पर लगेगी लगाम, शोध में खुलासा



आलू में सोलानिन, चाकोनिन और कार्बोहाइड्रेट को कम किया जा सकेगा। इससे कई तरह की बीमारियों और आलू के सेवन से पड़ने वाले प्रभाव को भी कम किया जा सकेगा। सीपीआर इंडिया ने इस पर अपना शोध पूरा कर लिया है। आलू पर चलने वाले सीपीआर इंडिया का शोध अब पूरा हो चुका है।

अब आलू की बोवाई कंद की जगह बीज से कराने की तैयारी की जा रही है। बीज में आलू के डीएनए-क्रामोसोम को कंट्रोल करना काफी आसान होगा। इस तरह से आलू की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकेगा। जीन में बदलाव से आलू के सेवन से ग्लूकोइनडेक्स में भी सुधार आता है और इससे मधुमेह और अन्य बीमारियों वाले मरीज आराम से इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। साथ ही इससे आलू की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकेगा।

आलू में सोलानिन, चाकोनिन और कार्बोहाइड्रेट को कम किया जा सकेगा। इससे कई तरह की बीमारियों और आलू के सेवन से पड़ने वाले प्रभाव को भी कम किया जा सकेगा। सीपीआर इंडिया ने इस पर अपना शोध पूरा कर लिया है। अगले साल से टीपीएस डिपलाइड विधि से तैयार होने वाली आलू की नई प्रजातियों का बीज मौजूद होगा। इससे आलू को भी बीज से बोया जाएगा। अभी तक आलू का कंद टेट्रालाइड तकनीक से तैयार किया गया है।

**अब बीज से बोया जाएगा आलू**

देश-दुनिया के सभी क्षेत्रों में आलू पैदा होने वाली फसल है। इसका प्रयोग भी विभिन्न रूप से करीब सभी लोग करते हैं। हालांकि अभी तक आलू को परंपरागत तरीके से बोया जाता है। इसके कंद को जमीन में दबाकर नई फसल तैयार की जाती है। कंद को टेट्रालाइड विधि से तैयार किया जाता है। इसके जीन में क्रोमोसोम के चार गुणसूत्र होते हैं। किसी न किसी गुणसूत्र में पुरानी प्रजाति के गुणधर्म पहुंचने की भी आशंका बनी रहती है।

अभी हाल ही में एक शोध पूरा किया गया है। इसमे आलू के बीज अटालाइड की बजाय डिपलाइड विधि से तैयार किया जाएगा। इसमें जीन के क्रोमोसोम के दो गुणसूत्र होंगे। वहीं एक्सपर्ट भी इसको सही से कंट्रोल कर पा रहे हैं। परंपरागत इससे आलू के गुणधर्म में बदलाव किया गया है और आलू का ग्लूकोइंडेक्ट भी सुधारा गया है। इसमें ग्लूकोज के रिलीज होने की गति को भी आसानी से कम किया जा सकेगा। साथ ही कार्बोहाइड्रेट का लेवल भी कम किया जा सकेगा।

ऐसे में मोटापे और मधुमेह के मरीजों को सामान्य रूप से आलू का प्रयोग कर सकेंगे। इसके साथ ही इस तरह से आलू के डीएनए में चाकोनिन और सोलानिन को भी कंट्रोल किया जा सकेगा। इससे सिर चकराने, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर के मरीज आराम से आलू का इस्तेमाल कर सकेंगे। आलू से बढ़े हुए यूरिक एसिड वाले लोगों को समस्या होती है।

**जानिए क्या होगा बदलाव**

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान विज्ञानी की मानें, तो अब आलू की बुआई कंदों की जगह पर 'सच्चे आलू के बीज' से होगी। इससे आलू उत्पादन की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव आया है। आलू के बीज या टीपीएस आलू के पौधों में फूल आने के बाद बनने वाली फलियों से प्राप्त छोटे-छोटे बीज होते हैं। यह सामान्य कंद वाले बीजों से अलग होते हैं। वहीं इन फसलों में बीमारियों को भी कंट्रोल किया जा सकेगा।

आलू का शोध पूरा हो गया है। ऐसे में आने वाले साल में आलू को कंद की जगह बीज से बोया जाएगा। इसको ट्रायल के लिए हर राज्य को दिया जाएगा और फिर किसानों को आवंटन शुरू हो जाएगा। बीज से आलू बोने पर इसकी गुणवत्ता में काफी सुधार हो रहा है। इसमें कार्बोहाइड्रेट सहित अन्य कई तत्वों को कंट्रोल कर लिया गया है। इससे आलू की फसल में कम बीमारी लगेंगी और आलू का सेवन करने के दौरान बीमारियों का भी डर नहीं होगा।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682